>

Title: Need to implement Rapid Rail Transit System (RRTS) scheme and Central Delhi-Meerut Express Highway.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति जी, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति प्रदान की।

महोदय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के गठन का उद्देश्य संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे तथा परिवहन सम्पर्कों का इस प्रकार विकास करना था कि इन सुविधाओं की एकरूपता के फलस्वरूप नागरिक दिल्ली के अतिरिक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य शहरों में भी बसने हेतु तत्पर हों तथा दिल्ली पर जनसंख्या का भार कम हो। परन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि शहरी विकास मंत्रालय के अधीन गठित उक्त बोर्ड की उत्तर प्रदेश से संबंधित अधिकांश योजनाएँ लक्ष्य से कोसों दूर हैं। रैपिड रेल ट्रंज़िट सिस्टम (RRTS) के अंतर्गत दिल्ली व मेरठ के बीच की हाईस्पीड ट्रेन तथा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रैस हाईवे सरीखी योजना वर्ष 2011 में पूरी होनी थी परन्तु ये योजनाएँ अभी तक कागज़ में ही हैं। कार्यान्वयन संबंधी इन विफलताओं के विषय में योजना बोर्ड का कथन है कि वह किसी भी अवसंरचनात्मक विकास योजना का कार्यान्वयन नहीं करता, राज्य सरकार अथवा उनकी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा चयनित योजनाओं का केवल वित्त पोषण करता है। ऐसे में जबकि इन योजनाओं के कार्यान्वयन के मामलों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिकारविहीन है तथा विभिन्न जिलों में विकास की ये योजनाएँ राज्य सरकार की वरीयता सूची में नहीं हैं तो इन योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे हो? महोदय, इस समस्या को मैं पहले भी अनेक बार सदन में उठा चुका हूँ तथा लगभग दो वर्ष पहले 22 मार्च 2011 को माननीय प्रधान मंत्री जी को भी मैंने पत्र लिखा था परन्तु योजनाओं पर केवल बैठकें हो रही हैं। हालत यह है कि मेरठ व दिल्ली के बीच राजमार्ग संख्या 58 तथा हापुड़ व दिल्ली के बीच राजमार्ग संख्या 24 पर निरन्तर जाम लगे रहने के कारण लगभग 80 किलोमीटर की दूरी तय करने में प्रायः चार से पाँच घंटे तक लग जाते हैं। इन मार्गों पर यातायात का दबाव निरन्तर बढ़ता जा रहा है जो तनाव के रूप में इस क्षेत्र के निवासियों तथा यात्रियों पर दिखाई देने लगा है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकार मेरठ-दिल्ली के बीच हाईस्पीड ट्रेन चलाने, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रैस हाइवे का निर्माण करने का कार्य तुरन्त प्रारंभ करे तथा इन योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करे।

MR. CHAIRMAN : Now, the House stands adjourned to meet again tomorrow at 11 a.m, the 7th March, 2013..

19.40 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, March 7, 2013/Phalguna 16, 1934 (Saka).

---

* Due to continuous interruptions in the House, Starred Questions could not be taken up for oral answers. Therefore, these Starred Questions were treated as Unstarred Questions.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

*Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speed was laid on the Table

* Speed was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

*Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

*Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.